हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
2 नवंबर 2026, बरेली



रिद्धिमा में कथक प्रस्तुति, 'रहस' में बिखरे ठुमरी के रंग

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को कथक प्रस्तुति 'रहस' का आयोजन किया गया। इसमें कथक गुरुओं और विद्यार्थियों ने ठुमरी की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मोहे पनघट पे नंदलाल से हुई। विद्यार्थियों ने 'सावर गिरधर मोरे, सब बन्धन आई श्याम' और 'काहे छेड़ मोसे जैसी...' प्रस्तुतियों पर कथक की छटा बिखेरी। कथक गुरु देबज्योति नस्कर, रियाश्री चटर्जी व अंशु शर्मा ने प्रस्तुतियां दीं। देविशा मूर्ति ने 'काहे छेड़...' गीत पर नृत्य से तालियां बटोरीं। तबले पर अमरनाथ, पखावज पर ऋषभ आशीष पाठक, सितार पर सीमा और सारंगी पर ध्रुव त्रिपाठी ने संगत की। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति व ऋचा मूर्ति आदि मौजूद रहे।

एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को ठुमरी गीत पर अपने नृत्य की प्रस्तुति से कलाकार ने लोगों का मन मोह लिया।